# दशवीं बोर्ड परीक्षा के हिंदी विषय के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी आई सामने

## कई परीक्षा केंद्रों पर अलग-अलग सीरीज के प्रश्न-पत्र मिले

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित दसवीं की 12 मार्च को हुई हिंदी विषय के प्रश्न पत्र में लापरवाही का मामला सामने आया है। कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे प्रश्न-पत्र में क्रमांक अंकित नहीं है तो कई सेंटर पर पेपर भी मिसिंग मिले हैं। साथ ही कई प्रश्न पत्र के लिफाफे सील पैक भी नहीं मिले है, प्रश्न पत्र भी अलग-अलग सीरीज के मिले। मामले को लेकर बोर्ड सचिव कैलाशचंद शर्मा ने कहा कि मामला सामने आया है,कुछ स्थानों से प्रिंटिंग और लिफाफे पैकिंग में गड़बड़ी सामने आई है। इसकी जांच करवाई जाएगी। बोर्ड सचिव ने पेपर लीक की अशांकाओं को खारिज किया है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में पहले अंग्रेजी विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्रों पर क्रमांक नहीं होने और पेपर खुले मिलने की बात सामने आई थी और अब 12 मार्च को हुए हिंदी के पेपर में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। पेपर मिसिंग सहित अन्य गड़बड़ियों को देखते हुए पेपर लीक होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जबकि बोर्ड के सचिव कैलाश चंद शर्मा ने पेपरलीक होने की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि प्रारंभिक पड़ताल में बोर्ड को पेपर सप्लाई करने वाली एजेंसी की लापरवाही सामने आई है। 10वीं का अब तक पहला पेपर अंग्रेजी और दूसरा पेपर हिंदी का हुआ है।



**केंद्र अधीक्षकों ने बोर्ड को लिखित में दी सूचना:** बोर्ड में संभवतया ऐसा पहली बार हुआ है। जिन स्कूलों में ऐसा हुआ, उन्होंने बोर्ड प्रशासन को लिखित में सूचना दी है। हालांकि यह अलग बात है कि न तो किसी स्कूल में पेपर कम मिलने से परेशानी हुई और न ही पेपर लीक होने का कोई समाचार सामने आया। इसकी वजह है कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के अनुपात में पेपर ज्यादा दिए जाते है। वहीं बोर्ड प्रशासन को इसकी जानकारी है लेकिन परीक्षाओं के बीच जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से बचा जा रहा है। उनका मानना है कि कार्रवाई करने पर कई तरह की अफवाह फैलने से परीक्षा के दौरान व्यवस्थाएं बिगड़ सकती है, इसको लेकर बोर्ड प्रशासन ने अभी चुप्पी साध रखी है।

**बोर्ड निदेशक को भेजनी होती है जानकारी:** बोर्ड परीक्षा के दौरान केंद्रों पर प्रश्नपत्र के लिफाफे खोलने पर किसी प्रकार की कमी पाई जाने पर इसकी सूचना बोर्ड निदेशक (गोपनीय) को ई-मेल के माध्यम से भेजनी होती है। डीईओ और बोर्ड कंट्रोल रूम को जानकारी नहीं देनी होती है।

**इन पेपरों के क्रमांक मिले मिसिंग:** उलेखनीय है कि कई परीक्षा केंद्रों पर पेपर के क्रमांक मिसिंग मिले हैं। जिसमें पाली के बलाड़ा स्कूल में हिंदी का क्रमांक 1856378 पेपर मिसिंग। कुशालपुरा (बांसवाड़ा) में 10वीं हिंदी के प्रश्नपत्रों की क्रम संख्या में गलती। देवलीकलां (ब्यावर) में 10वीं सामान्य विज्ञान में 6000547 की जगह 5856965 क्रमांक का पेपर मिला।

**बोर्ड सचिव ने मीडिया के समक्ष रखा पक्ष:** वहीं मामले को लेकर बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मीडिया में समाचार आने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में कोई बहुत बड़ी गड़बड़ी हो गई हो या कोई पेपर गायब हो गया, पेपर आउट हो गया हो या पेपर की सील टूटी हो या लिफाफा खुला हुआ हो, हां कुछ स्थानों से 12 मार्च को हिंदी की परीक्षा में प्रिंटिंग व लिफाफों की पैकिंग में गड़बड़ी सामने आई है, जिसमें कुछ प्रश्न पत्रों पर सीरियल नंबर आगे पीछे हो जाना, एक लिफाफे में कुछ सीरियल नंबर के एक-दो प्रश्न पत्र नहीं मिलना, संभावना है कि प्रश्नपत्र लिफाफे में रखते हुए कोई त्रुटि हुई है, प्रश्न पत्र अन्य लिफाफे में हो सकते हैं। परीक्षा केंद्र पर कमरे का जो वीक्षक है वो तो अपने ही कमरे की रिपोर्ट करता है, उसे दूसरे कक्ष में कौन से प्रश्न पत्र गए है उसका पता नहीं रहता। इस तरह की खबर आने से भ्रम की स्थिति उपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस वाले कर्मचारी ही जिम्मेदारी है, क्योंकि बोर्ड कर्मचारियों का तो कोई रोल ही नहीं होता है, बोर्ड तो बस केवल प्रश्न पत्रों के लिफाफों का डिस्ट्रीब्यूशन करता है। प्रिंटिंग प्रेस से ही लिफाफे पैक होकर आते हैं, इसलिए प्रिंटिंग प्रेस की ही जिम्मेदारी है। मामले को लेकर जांच करवाई जाएगी।

## बुजुर्ग महिला अपनी बीमार बहने से मिलने गई

### पीछे से चोरों ने लाखों का माल समेटा



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर शहर में इन दिनों चोरों के हौंसले बुलंद है और शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। अज्ञात चोरों ने बिहारी गंज गली नम्बर पांच में रहने वाली राज सोनी के मकान का ताला तोडकर पुराने सिक्के सहित सोने व चांदी के आभूषण और करीब 35 हजार रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। बुजुर्ग महिला रामगंज स्थित अपनी बीमार बहन से मिलने गई हुई थी और मकान पर ताला लगा हुआ था, पीडिता ने चोरी हुए सोने चांदी के जेवरात की कीमत करीब 19 लाख रुपए बताई है। पीड़िता की शिकायत पर अलवरगेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के बिहारी गंज निवासी राज सोनी (70) ने बताया कि वह अपनी बीमार छोटी बहन को देखने के लिए उससे मिलने के लिए रामगंज घर गई थी और सुबह जब लौटी तो घर के ताले टूटे हुए मिले और सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी से 10 सोने के सिक्के, 4 सोने की चूडियां, एक सोने की चेन, आठ सोने की अंगूठी, 6 जोड़ी सोने के टॉप्स, पांच हजार मूल्य की चांदी व 40 हजार नकद गायब मिली। अज्ञात चोर सोने के जेवरात करीब 19 तोले के थे, चुरा ले गए। यह जेवरात बेटे विंगकमाडर विकास सोनी की पत्नी तथा पुत्र वधु डॉ. प्राची को देने के लिए रखा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जीएसटी चोरी कर माल ले जाते तीन वाहनों पर की कार्रवाई

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू हुई चुनाव आचार संहिता के साथ ही टैक्स चोरी कर ले जाने वालों पर अब लगाम कसी जा रही है। ब्यावर में कर विभाग के अधिकारियों ने अजमेर रोड से पकड़े तीन वाहनों की चैकिंग के दौरान जीएसटी की चोरी कर माल ले जाते हुए पाया।

इसमें से एक वाहन के चालक के खिलाफ साकेत नगर पुलिस चौकी में राजकार्य में बाधा पहुंचाने व वाहन को रोकने के बावजूद भगा ले जाने का मामला भी दर्ज कराया है। विभाग के अधिकारियों ने दोनों वाहनों से लभग डेढ लाख रुपये की चोरी वसूलने के बाद उन्हें छोड़ा है। राज्य कर विभाग के अधिकारी विनोद स्वामी ने बताया कि सोमवार देर रात में पकड़े तीन वाहन में से एक दस चक्का वाहन ट्रक में दस-दस किलों की पैकिंग में गुड़ भरा हुआ था। बिलों को देखने पर जीएसटी नहीं कटा हुआ था। कुल मिलाकर 92 हजार 104 रुपये की रसीद काटकर उसे छोड़ा गया। वहीं प्लाईवुड से भरी पिक अप के भी बिल आदि देखे गए जिसमें जीएसटी चोरी करना पाया गया। इस वाहन चालक से भी लगभग 53 हजार रुपये की रसीद काटकर उसे छोड़ा गया।

राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त कमल आसुदानी ने बताया कि एक अन्य वाहन पिकअप के चालक को अजमेर रोड से पकड़ कर उदयपुर रोड स्थित साकेत नगर पुलिस चौकी के पास कर भवन तक लेकर आए जिसे वहीं खड़ा रहने को कहा गया, लेकिन उसने बजाए खड़े रहने के अपने वाहन को भगाकर ले गया। इस वाहन में भी फोर सिंलिंग का सामान व प्लाईवुड आदि भरा हुआ था। आसुदानी ने बताया कि इस वाहन चालक के खिलाफराज कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करवा दिया है। वहीं जीएसटी की चोरी कर माल ले जाने का भी मामला दर्ज कराया है।

## गुमशुदा बच्ची को ढूंढ कर परिजनों को किया सुपुर्द

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** ऑपरेशन खुशी के तहत क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस की टीम ने कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालिका को गुमशुदगी के छह घंटे के भी दस्तयाब कर परिजन के सुपुर्द किया है।

थाना अधिकारी अरविन्द सिंह चारण ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस रेंज अजमेर द्वारा गुमशुदगी के प्रकरणों में एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई, एएसपी दुर्ग सिंह राजपुरोहित के निर्देशानुसार व वृत्ताधिकारी रुद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में उनके नेतृत्व में गठित टीम ने गुमशुदा बालिका को गुमशुदगी के मात्र 6 घंटे के अंदर दस्तयाब करने में कामयाबी हासिल की है। थाना अधिकारी चारण ने बताया कि वैशाली नगर रामदेव नगर निवासी परिवादिया ने 18 मार्च को लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि 14 वर्षीय पुत्री घर से लापता है जिसको मैने बार बार फोन देखने के लिए मना किया तो वह नाराज होकर घर से निकल कर कहीं चली गई है, उसके पास मेरा फोन है जो भी अभी स्विच ऑफ आ रहा है अभी तक घर पर वापस नहीं आई है।

थानाधिकारी चारण ने बताया कि हेड कानि. धर्मराज थोरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर गुमशुदा बालिका की तलाश शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास की कॉलोनिया व क्षेत्रों में फोटो लोगों को दिखाकर तलाश जारी रखी, साथ ही बालिका के साथ पढ़ने वाली सहेलियों से भी जानकारी ली। टीम ने सूचनाओं का संकलन कर बालिका को आंतेड में ढूंढ निकाली। पुलिस ने बालिको को दस्तयाब कर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** पुष्कर के एक रिसोर्ट में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा की एक बेहद अहम कलस्टर व कोर कमेटी की बैठक बुधवार को होगी। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा के प्रदेशअध्यक्ष सीपी जोशी शिरकत करेंगे।

पुष्कर मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी ने बैठक की जानकारी देते बताया कि बूढ़ा पुष्कर के जॉलीवुड रिसोर्ट में 20 मार्च को भाजपा की बेहद अहम कलस्टर व कोर कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें भाग लेने मुख्यमंत्री शर्मा शाम पांच बजे हेलीकॉप्टर से पुष्कर पहुचेंगे। शाम को पांच बजे तीन संभाग अजमेर, राजसमंद व नागौर के करीब पांच सौ सदस्यों की बैठक लेंगे। उसके बाद कोर कमेटी की बैठक होगी। रात्रि में हेलीकॉप्टर के उड़ान नहीं भरने के कारण डिनर के बाद मुखमंत्री रात्रि प्रवास पुष्कर में ही करेंगे। गुरुवार को सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर से प्रस्थान करेंगे। बैठक में चुनाव की तैयारियों की रूपरेखा पर चिंतन मंथन होगा।

भाजपा जिला महामंत्री अरुण वैष्णव ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष जोशी के आलावा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद्र बैरवा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, तीनों संभाग के भाजपा विधायक संगठन के पदाधिकारी मंडल, अध्यक्ष के अलावा पार्टी के वरिष्ठ व प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ली अधिकारियों की बैठक

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने लोकसभा आम चुनाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था, अंतर-राज्यीय सीमाओं पर निगरानी, संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान एवं सुरक्षा, धारा 144 और कोलाहल अधिनियम की पालना, मतदान दिवस और उससे पूर्व की आवश्यक तैयारियां सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवैध वाहनों की आवाजाही, अवैध शराब सहित गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भूमि अवाप्ति सुरेंद्र पुरोहित, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार मंडोवरा सहित उपखंड अधिकारी, पुलिस उप अधीक्षक, तहसीलदार और विभिन्न प्रकोष्ठ के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गढ़बोर चारभुजाजी पैदल यात्रा रवाना

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** सत्संग मंडल की अनवरत 29 साल से चल रही परंपरा के अनुसार शहर से इस बार भी गढ़बोर श्री चारभुजाजी पैदल यात्रा मंगलवार को रवाना हुई, जिसमें इस बार 32 पदयात्री शामिल हुए। इस दौरान गांधी चौक से यात्रा के पहले पड़ाव झांतला माताजी तक करीब 10 किमी के रास्ते में 20 से अधिक जगह पदयात्रियों का स्वागत हुआ। जानकारी के अनुसार यह पदयात्रा नंदलाल ईनाणी, उद्धव दास रोगानी और दुर्गाशंकर शर्मा किला वालों ने 1995 से बाराबंकी हार्डिया कोल जंगल के स्वामी तांदास महाराज की प्रेरणा से शुरू की गई जो अनवरत जारी है। इस मौके पर पदयात्री सहित अन्य श्रद्वालु सुबह गांधीचौक में एकत्र हुए। जहां सभी ने मुरलीधर मंदिर में सामूहिक दर्शन के साथ भजन गाते हुए ठाकुरजी को रिझाया। मंदिर के बाहर संक्षिप्त समारोह में पार्षद हरीश ईनाणी, एडवोकेट सत्यनारायण ईनाणी, आरएसएस के हेमन्त कुकड़ा, कन्हैया दास वैष्णव, ओमप्रकाश बजाज सहित कई लोगों ने पदयात्रियों का अभिनंदन किया। कैप्टन सुरेश ईनाणी ने पैदल यात्रा संचालन करते हुए यात्रा शेड्यूल व रूट आदि की जानकारी दी। सत्संग व्यवस्थापक 84 वर्षीय उद्धवदास रोगानी व 64 वर्षीय भगवती प्रसाद शर्मा किले वाले समेत कई श्रद्वालु लगातार 29 वें साल पदयात्रा में शामिल हुए। गांधीचौक से रवानगी के साथ ही पदयात्रा के स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। सेना से रिटायर कैप्टन और मार्बल उद्यमी सुरेश इनाणी आठवी बार पदयात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा का पहला पड़ाव कपासन मार्ग स्थित झांतला माताजी तक चलता रहा। करीब 20 से अधिक जगह लोगों व विविध संगठनों ने जत्थे को रोक रोककर स्वागत किया।

## जौहर स्मृति संस्थान के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जौहर मेले हेतु मेवाड़ राज परिवार की मनुहार

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** जौहर स्मृति संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिह शक्तावत ने बताया कि चैत्र कृष्ण एकादशी 5 अप्रैल को होने वाले आगामी जौहर मेले हेतु महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़, महाराणी निरुपमा कुमारी मेवाड़, महाराज कुंवर विश्वराज सिंह मेवाड़ व महाराज कुवरानी महिमा कुमारी मेवाड़ की मंगलवार को समोर बाग उदयपुर जाकर मनुहार की। साथ ही संस्थान की प्रधान संरक्षक निरुपमा कुमारी मेवाड़ को विगत दिनों हुई संस्थान की आमसभा की रिपोर्ट एवं आगामी जौहर मेले की विस्तृत जानकारी देते हुए उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# हनुमान मंदिर के महंत पर चाकूओं से हमला

## बदमाशों गले से सोने की चार चेन लूटकर हुए फरार, जख्मी महंत अस्पताल में भर्ती

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर के तीर्थ नगरी में अजमेर रोड लीलासेवड़ी स्थित श्रीअटल छत्र हनुमान मंदिर के महंत ओमप्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू पर सोमवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार से हमलाकर लूट की वारदात अंजाम देकर महंत के गले से सोने की 4 चेन तोड़कर फरार हो गए। लुटेरों के हमले से महंत गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुष्कर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर अनुसंधान शुरू कर दिया। सीओ ग्रामीण रामचंद्र मय जाप्ता के मंगलवार सुबह मंदिर परिसर पहुंचे और जानकारी जुटाई।

सीओ ग्रामीण रामचंद्र ने बताया कि पुष्कर नागपहाड़ की तलहटी में लीलासेवड़ी स्थित श्री अटल छत्र हनुमान मंदिर के महंत ओमप्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू पर सोमवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। महंत शर्मा ने बताया कि रात पौने 12 बजे वह सो गया। कुछ देर बाद अचानक 3 से 4 युवक हनुमान मंदिर में दाखिल हुए। उन्होंने उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमला में बचाव के प्रयाव के प्रयास करते हुए हमलावरों से मुकाबला की कोशिश की लेकिन आरोपी उसके गले में पहनी सोने की 4 चेन तोड़ने के बाद फरार हो गए। हमलावर सम्भवतरू लूट के इरादे से मंदिर में दाखिल हुए। सूचना मिलते ही पुष्कर थाने के



कार्यवाहक थानाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस कामले शरण गोपीनाथ पुलिस जाप्ते के साथ में घटनास्थल पहुंचे। जख्मी महंत ओमप्रकाश शर्मा को देर रात जेएलएन अस्पताल की आपात कालीन इकाई में भर्ती कराया। पुलिस ने जानलेवा हमला व लूट का मामला दर्जकर अनुसंधान शुरू कर दिया।

**मदद के लिए पुकारा :** मंदिर में मौजूद मनोज ने बताया कि मैं मंदिर में बाथरूम निर्माण कार्य के लिए आया था तथा रात्रि दस बजे पुजारी ओमप्रकाश के साथ खाना खाकर कमरे में जाकर सो गया। रात्रि ग्यारह बजे तक एक व्यक्ति पुजारी के पास बैठा था। करीबन पौने बारह बजे के बीच चार लुटेरे आए और उन्होंने तख्ते पर सो रहे पुजारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुजारी की चीख पुकार सुनकर मैं तुरंत बार दौड़ कर आया लेकिन तब तक लुटेरे उनके गले में से चार सोने की चेन लेकर फरार हो गए थे और पुजारी खून से लथपथ पड़े हुए थे जिनको तत्काल अजमेर अस्पताल इलाज हेतु ले गए। बताया गया कि पुजारी की हालत गंभीर बनी हुई है।

### एफएसएल टीम ने उठाए नमूने

वारदात के बाद फोरेंसिक साइंस लेब की टीम ने घटनास्थल के साक्षय जुटाए। मंदिर में महंत के बिस्तर के पास बड़ी मात्रा में खून फैला हुआ मिला। पुलिस की एमओबी व एफएलएस टीम ने मंदिर के दरवाजे समेत घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों जुटाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से महंत पर हमले के आरोपी लुटेरों की तलाश में जुटी है। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के आदेश पर वृत्ताधिकारी रामचन्द्र चौधरी जिला स्पेशल टीम महंत पर हमला व लूट के आरोपियों की तलाश में जुटी गई। स्पेशल टीम ने अस्पताल में भर्ती महंत से लूटपाट के आरोपियों के हुलिया के संबंध में पड़ताल की। पुलिस अफसरों का दावा है कि जल्द वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### इनका कहना है

महंत पर हमला कर लूटपाट की वारदात अंजाम दी गई है। वृत्ताधिकारी और थानाधिकारी ने घटनास्थल का जायजा लिया है। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्जकर अनुसंधान शुरू कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार अपराधियों की तलाश की जा रही है। जल्द प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

**-दीपक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण**